# कलक्टर ने मुख्यमंत्री की यात्रा व्यवस्थाओं का लिया जायजा

■ समस्त अधिकारियों से आपसी समन्वय बनाये रखते हुये निर्धारित समय पर व्यवस्थाऐं सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।

■ हैलीपेड एवं सभा स्थल का निरीक्षण किया

**भरतपुर** (निस)। जिला कलक्टर लोक बंधु ने संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ गुरूवार को मुख्यमंत्री की प्रस्तावित सीकरी यात्रा को मद्देनजर रखते हुए शिविर स्थल एवं हैलीपेड स्थल का निरीक्षण किया। जिला कलक्टर ने मुख्यमंत्री की सीकरी यात्रा के दौरान हैलीपेड एवं सभा स्थल पर सैफ हाउस तैयार करने, डी का निर्धारित नियमों के तहत निर्माण करने, अधिकारियों, विशिष्ट आमंत्रितों, मीडियाकर्मियों एवं आमजन हेतु बनाये गये ब्लॉकों, मंच एवं बैरीकेटिंग की व्यवस्थाओं के लिये सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारियों को ले आउट प्लान तैयार कर व्यवस्थाऐं सुनिश्चित करने, सभा स्थल पर निर्बाध विद्युत आपूर्ति हेतु अधीक्षण अभियंता जेवीवीएनएल, पेयजल व्यवस्था हेतु पीएचईडी के अधीक्षण अभियंता, सभा स्थल की सफाई, अग्निशमन वाहन एवं चल शौचालय सहित अन्य व्यवस्था हेतु नगर पालिका सीकरी एवं सुरक्षा ,यातायात एवं पार्किंग व्यवस्था हेतु पर्याप्त जाप्ता लगाने के लिए पुलिस विभाग के अधिकारियों तथा सभा स्थल पर एम्बूलेंस मय चिकित्सकीय दल एवं जीवनरक्षक दवाओं सहित खाद्य जॉच संबंधी व्यवस्था करने के निर्देश मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देश दिये।

उन्होंने समस्त अधिकारियों से आपसी समन्वय बनाये रखते हुये निर्धारित समय पर व्यवस्थाऐं सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। जिला पुलिस अधीक्षक मृदुल कच्छावा ने क्षेत्रीय पुलिस अधिकारियों को निर्देष दिये कि वे मुख्यमंत्री की यात्रा को दृश्टिगत रखते हुए सुरक्षा प्लान तैयार करें जिसके हिसाब से बैरीकेटिंग एवं पर्याप्त संख्या में जाप्ता लगाया जा सके।

इस दौरान जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्रीनिधि बीटी, अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रषासन रतन कुमार, मंहगाई राहत कैंप प्रभारी एवं नगर विकास न्यास के सचिव कमलराम मीना, उपखण्ड अधिकारी सुरेन्द्र प्रसाद, सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी साथ रहे।

## स्कूल का उद्घाटन

**करौली** । डांग विकास बोर्ड अध्यक्ष करौली विधायक लाखन सिंह कटकड़ ने गुरूवार को करौली विधान सभा क्षेत्र के ग्राम दैदरौली में नव उच्च प्राथमिक विद्यालय का फीता काट कर उद्घाटन किया।

गांव कि सीमा से विधायक लाखन सिंह को खुली गाड़ी में बैठाकर डीजे के साथ पुष्प वर्षा कर आतिशबाजी के साथ स्वागत कर सभा स्थल पर लाया गया जहां पर मौजूद ग्राम के प्रमुख पंच पटेलों सहित सभी लोगों ने माला साफा पहनाकर जोरदार स्वागत किया विधायक लाखन सिंह ने कहा कि पिछले काफी समय से ग्राम दैदरोली के स्कूल को क्रम्मोनत करने की मांग की जा रही थी आप लोगों की मांग पर आपके विद्यालय को प्रथमिक विद्यालय से उच्च प्राथमिक विद्यालय में क्रमोन्नत किया गया है विद्यालय क्रमोन्नत करने पर सभी ग्राम वासियों द्वारा विधायक लाखन सिंह का आभार व्यक्त किया गया इधर ग्राम देदरोली विधालय कर्मोन्नत होने पर ग्रामीणों ने स्वागत सम्मान किया ।

## वरिष्ठ समाजसेवी पं.बनवारी लाल सम्मानित

**भरतपुर** (निस)। राधे शिक्षण संस्थान तिलक नगर में सर्व समाज की ओर से ब्राह्मण सेवा समिति तिलक नगर के अध्यक्ष नत्थी लाल दीक्षित की अध्यक्षता एवं राधा कृष्ण गौसेवा कीर्तन मंडल के प्रमुख शिवकांत शर्मा के मुख्य आतिथ्य में आयोजित सम्मान समारोह में समाज में विशेष उल्लेखनीय योगदान देने वाले ब्राह्मण सेवा समिति तिलक नगर के वरिष्ठ सदस्य पंडित बनवारी लाल शर्मा का शहर कांग्रेस उपाध्यक्ष मनोनीत होने पर सर्व समाज की ओर से फैटा, माला, दुपट्टा पहनाकर एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर स्वागत सम्मान किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के तौर पर सेवानिवृत्त बैंककर्मी गोविंद सिंह, शिक्षाविद हरीश मुद्गल, वयोवृद्ध वरिष्ठ नागरिक चंद्रभान सिंह, बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष जयनारायण व्यास, वरिष्ठ समाजसेवी महेश धनवाड़ा, ऋषि मास्टर मौजूद रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन से हुआ। इस अवसर पर राधे शिक्षण संस्थान के प्रतिभाशाली बच्चों को भी साफा,माला, दुपट्टा पहनाकर, बैज लगाकर एवं 201-201 रूपये का आर्थिक पुरस्कार प्रदान कर पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में सभी गणमान्य अतिथियों ने प्रसादी ग्रहण की। इस अवसर पर वैश्य, जाट, गुर्जर एवं ब्राह्मण समाज के अनेक गणमान्य नागरिकों एवं राधा कृष्ण गौसेवा कीर्तन मंडल के सदस्यों ने सम्मान करते हुए शहर कांग्रेस उपाध्यक्ष पंडित बनवारी लाल शर्मा के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित कीं। कार्यक्रम का संचालन राधा कृष्ण गौ सेवा मंडल के मीडिया प्रभारी हरनारायण शर्मा ने किया एवं आभार प्रदर्शन राधे शिक्षण संस्थान के व्यवस्थापक पंडित राजेंद्र शर्मा ने व्यक्त किया। कार्यक्रम में सर्व समाज के प्रतिनिधियों में सतीश भाद्वाज ककरऊआ, राकेश भारद्वाज, अशोक पटेल, वीरपाल सिंह, राधे शिक्षण संस्थान के व्यवस्थापक पंडित राजेंद्र शर्मा, मुकेश खडैरा, भजनलाल, प्रमोद, सोनू, मोनू आदि मौजूद रहे।


अपनी बैंकिंग को सुरक्षित रखिए

संपर्क कीजिए हमारे अधिकृत कस्टमर केयर नं. पर

1800 1080

अपडेटेड फोन नंबर्स के लिए हमेशा हमारी वेबसाइट देखें.

www.icicibank.com

ICICI Bank


## दुकान में चोरी

**हिण्डौन सिटी**। श्रीमहावीरजी क्षेत्र के इरनिया में अज्ञात बदमाशों ने एक दुकान में चोरी करने के बाद आग लगाकर फरार हो गए।

पीड़ित को घटना की जानकारी सुबह दुकान पहुंचने के बाद मिली। घटना की सूचना पर श्रीमहावीरजी थाना पुलिस भी घटनास्थल पहुंचकर जायजा लिया। पीड़ित समय सिंह जोगी ने बताया गुरुवार सुबह करीब 6 बजे खोखनुमा दुकान पर पहुंचा था। दुकान नगदी, गुटखा व सिगरेट रखी थी। चोरी व आगजनी की घटना से करीब 60 हजार रुपए का नुकसान हुआ है।

## दे केरला स्टोरी दिखाई

**भरतपुर** (निस)। भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ शैलेश सिंह द्वारा डीग कुम्हेर विधानसभा की बालिकाओं को प्रमुख भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ बहुचर्चित फिल्म द केरला स्टोरी फिल्म सूर्य सिटी स्थित हाल पर दिखालाई गई इस अवसर पर जानकारी देते हुए डॉक्टर शैलेश सिंह ने बतलाया कि किस तरह देश में आईएसआईएस, तालिबान, अलकायदा जैसे आतंकी संगठनों के सदस्यों द्वारा लव जिहाद के अंतर्गत हिंदू वेटियो का ब्रेनवाश कर और उनका धर्म परिवर्तन कर मुस्लिम बनाया जाता है । इस अवसर पर डॉ शैलेश सिंह के साथ जिला मंत्री कालीचरण बघेल जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष हंशिका गुर्जर पूर्व प्रधान मनोजसिंह कुम्हेर शहर मंडल अध्यक्ष लक्ष्मी कांत शर्मा खुशीराम पूनिया पहलाद सिंह सूर्य प्रकाश आर्य डीग महामंत्रीओमप्रकाश शर्मा विवेक आजउ जगदीश अजान डॉक्टर उत्तम यादव सोहन सिंह राजपूत ,शिव सिंह जाटव, टेक चंद जाटव, बृजेंद्र प्रजापति, मधुपूनिया,सुभाष अग्रवाल सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# माली समाज की बैठक में कुरीतियों पर चर्चा की

■ बच्चों को समान रुप से शिक्षा दिलाई जाये

**करौली** । कैलादेवी रोड स्थित गदका की चौकी पर ठाकुर जी के मंदिर प्रांगण में माली समाज की बैठक आयोजित की गई जिसमें माली समाज के जिला अध्यक्ष चुनाव व समाज में व्याप्त कुरीतियों को लेकर चर्चा की गई।

इस दौरान सर्वसम्मति से अटा निवासी प्रधान जमुना लाल माली को माली समाज का जिला अध्यक्ष चुना गया जिलाध्यक्ष जमुना लाल माली ने सभी समाज बंधुओं का आभार जताते हुए कहां की समाज ने जो जिम्मेदारी मुझे दी है उसको पूर्ण ईमानदारी के साथ समाज का साथ लेते हुए निभाऊंगा उन्होंने सभी पंच पटेलों से कहा कि समाज में व्याप्त कुरीतियों को बंद करें और बच्चों को समान रूप से शिक्षा प्रदान करें ।

आने वाले समय में शिक्षा और छात्रावास विकास एवं अन्य समाज उत्थान के कार्य समाज के सहयोग से किए जाएंगे जिला अध्यक्ष निर्वाचित होने से पूर्व बैठक को महासभा 84 अध्यक्ष अमर सिंह माली, पूर्व अध्यक्ष जयलाल, करौली तहसील अध्यक्ष रमेश माली,मासलपुर अध्यक्ष रामस्वरूप, मंडरायल अध्यक्ष द्वारका प्रसाद कुशवाह, मुरारी लाल माली, बहादुरपुर अध्यक्ष भगवती,करौली कस्बा अध्यक्ष नेमीचंद कुशवाह, सपोटरा अध्यक्ष रामजीलाल, डगंगासरा अध्यक्ष श्रीफूल माली, अध्यक्ष श्याम लाल, पूर्व अध्यक्ष रामजीलाल,मनोहरी, रामश्री थानेदार, खोहरी अध्यक्ष सीताराम, मुंशी पटेल बरिया, हरिचरण ठेकेदार महू, कमल बालियान पुरा, बृजलाल जाखोदा, विष्णु सरपंच,हजारी पटेल, रामजी सरपंच, युवा अध्यक्ष चंद्र सैनी, फुले ब्रिगेड जिला अध्यक्ष बने सिंह, संस्थान सदस्य गोपाल माली द्वारा समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करने को लेकर अपनी बात रखते हुए कहा कि शिक्षा से बालक बालिकाओं को समान रूप से जोड़े परिवार का खानपान और रहन-सहन में सुधार करें जिससे कि समाज मुख्यधारा से जुड़कर अग्रणीय समाज बन सके ।

इस दौरान फुले ब्रिगेड के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश सैनी, श्याम ठेकेदार, पूर्व युवा अध्यक्ष मनोज सैनी, धारा माली, जगदीश मास्टर, पन्नू सिंह, राम सिंह सरपंच, मुरारीलाल जाखोदा, भैरोलाल, शिवचरण मेंबर, कैलाश, बत्तीलाल, रामदयाल कोतवाल, जगन्नाथ सरपंच, करौली फुले ब्रिगेड अध्यक्ष धर्मी माली, रामजीत एडवोकेट, मुनेश, रामचरण मेंबर सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे।

## अवैध कब्जा हटाने की मांग

**हिंडौन सिटी** । समीप के गांव ढिंढोरा स्थित जोगी समाज की श्मशान भूमि पर हो रहे अवैध कब्जा व निर्माण हटाने की मांग को लेकर जोगी समाज संघर्ष समिति की ओर से गुरुवार को एसडीएम कार्यालय में सुबह प्रदर्शन किया गया। जिसमें सैकडों की संख्या में जोगी समाज की महिलाएं, बच्चे व पुरुष शामिल हुए।

प्रदर्शन के बाद श्मशान भूमि से अतिक्रमण हटाने की मांग को लेकर एसडीएम सुरेश हरसोलिया को जिला कलेक्टर के नाम एक ज्ञापन भी दिया गया। जिसमें बताया कि ढिंढोरा स्थित करीब 2.25 हेक्टेयर चरागाह भूमि जिसके कुछ हिस्सों में जोगी समाज श्मशान भूमि कई वर्षों से उपयोग में ले रहा है। गांव के जोगी समाज के किसी व्यक्ति की मौत होने के बाद शव का अंतिम संस्कार समाज की रीति अनुसार करता रहा है लेकिन पिछले 3 वर्षों से कुछ लोगों द्वारा श्मशान भूमि पर कब्जा कर निजी कार्यों में उपभोग कर रहा है। समिति से जुडे प्रेमराज जोगी ने बताया कि सूरौठ तहसीलदार को भी ज्ञापन दिया जा चुका है।

# नशा मुक्त भारत अभियान 12 जून से

**करौली** । जिला कलेक्टर अंकित कुमार सिंह ने कहा कि जिला प्रशासन एवं सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के संयुक्त तत्वावधान मे नशा मुक्त भारत अभियान का शुभारंभ 12 जून से जिले मे किया जायेगा।

उन्होने इस संबंध मे जिला शिक्षा अधिकारी को 15 जून तक समस्त सरकारी व गैर सरकारी शिक्षण संस्थानों के 100 मीटर की दूरी तक कोई भी नशा संबंधी दुकान नही होने का प्रमाण पत्र देने के निर्देश दिये एवं जुलाई माह मे स्कूलों मे बच्चों को अधिक से अधिक जागरूक करने के लिये भी कहा अभियान के तहत चिकित्सा,शिक्षा,समाज कल्याण,कॉलेज शिक्षा,पुलिस,महिला अधिकारिता,राजीविका सहित अन्य संबंधित विभाग के अधिकारियों को कार्य योजना बनाकर अभियान को सफल बनाने के निर्देश दिये जिला कलेक्टर गुरूवार को कलेक्ट्रेट सभागार मे नशा मुक्त भारत अभियान,बेटी बचाओं, बेटी पढाओ,महिला समाधान समिति,सखी वन स्टॉप सेन्टर से संबंधित बैठको को संबोधित करते हुए बोल रहे थे उन्होने बैठक मे बेटी बचाओ बेटी पढाओ अभियान के एक्शन प्लान 2023-2024 आगामी समय मे आयोजित किये जाने वाले कार्यक्रम,जन्म लिंगानुपात पर सुधार के संबंध मे संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये उन्होने कहा कि इस संबंध मे स्कूल,कॉलेज,जिला स्तर पर नुक्कड नाटक,कार्यशालाऐं सहित अन्य जागरूक कार्यक्रम आयोजित कर आमजन को जागरूक किया जाये उन्होने कहा कि ग्रामीण व शहरी क्षेत्र मे जो छात्राऐं स्कूलों से ड्रॉपआउट हो चुकी है उनके माता पिता एवं छात्राओं को समझाईश कर उन्हे स्कूल से जोडा जाये उन्होने बताया कि जिले मे विभिन्न विभागों के द्वारा 12 से 30 जून तक नशा मुक्त भारत अभियान के तहत नशा मुक्ति के प्रति आमजन को जागरूक करने के लिये विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगें।

## 34 यूनिट रक्त एकत्रित

**गंगापुर सिटी** । नो मोर पेन ग्रुप के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को सदस्य बन्टी सैनी खिलचीपुर के जन्मदिवस पर स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का अयोजन किया गया।

ग्रुप के मीडिया प्रभारी राजेश मुराडिया गुडला चन्दन ने बताया कि गुरूवार को रक्तदान शिविर का शुभारंभ नो मोर पेन ग्रुप के सदस्य पिन्टू सिंह गंभीरा ने गणेश जी की तस्वीर के आगे दीपक जलाकर किया।

## धरना जारी

**नगर** (निस)। रुपारेल नदीं को इआरसीपी में शामिल करने एवं ईस्टर्न राजस्थान कैनाल प्रोजेक्ट को राष्ट्रीय परियोजना का दर्जा देने तथा चंबल पेयजल योजना के तहत गांव गांव में हो रही पेयजल किल्लत को ठीक करने तथा गुड़गांव नहर की कच्ची माइनरो को पक्का करने जैसे मुद्दों को लेकर समीपवर्ती सुंदरावली के बुर्जा मंदिर पर चल रहे अनिश्चितकालीन धरने के आठवें दिन क्षेत्र की एकत्रित हुई महिलाओं में धरने का नेतृत्व किया और सरकार से पानी मांगा । किसान संघर्ष समिति के संयोजक और जिला पार्षद मोहना गुर्जर तथा किसान नेता इन्दल सिंह जाट ने भी धरने पर बैठे लोगों को संबोधित करते हुए आंदोलन को गांव गांव का फैलाने का आव्हान किया।

## करंट से विवाहिता की मौत

**गंगापुर सिटी** । समीपवर्ती गांव छावा की बगीची में गुरुवार को खेत में सिंचाई के दौरान करंट लगने से एक महिला की मौत हो गई। परिजन महिला को बेसुध अवस्था में राजकीय जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बामनवास उपखंड के बडीला गांव निवासी मृतक महिला के परिजनों ने बताया कि हेमा पत्नी श्याम लाल माली छावा की बगीची में राजेंद्र पुजारी के खेतों पर बटाई का काम करती है। उन्होंने बताया कि हेमा और श्याम लाल ने खेतों में मवेशियों के लिए हरा चारा बोया हुआ था और फसल में महिला सिंचाई कर रही थी। गुरुवार सुबह करीब 9 बजे फसल में सिंचाई करते हुए पास में ही लगे 11 हजार केवी के लाइन के खंबे में प्रवाहित करंट की चपेट में आने से हेमा बेसुध हो गई। परिजन हेमा को बेहोशी की हालत में गवर्नमेंट हॉस्पिटल लेकर पहुंचे, लेकिन जब तक काफी देर हो चुकी थी और डॉक्टरों में हेमा को मृत घोषित कर दिया। साथ ही शव को गवर्नमेंट हॉस्पिटल की मॉर्च्युरी में रखवा दिया। वहीं, हेमा के की मौत की खबर से परिजनों का बुरा हाल है।

# ई.वी.एम. जागरूकता कार्यक्रम बारह से

**करौली**। उपजिला निर्वाचन अधिकारी मुरलीधर प्रतिहार ने बताया कि विधानसभा चुनाव 2023 के दृष्टिगत ईवीएम, वीवीपेट जागरूकता कार्यक्रम का शुभारंभ 12 जून को जिला मुख्यालय से मोबाईल डेमोन्सट्रेशन वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जायेगा।इसके बाद मोबाईल वैन अपने निर्धारित रूट चार्ट अनुसार अपने गंतव्य के लिये रवाना होगी।

उन्होंने बताया कि स्थापित किये जाने वाले स्थैतिक ईवीएम, वीवीपेट डेमोन्स्ट्रेशन सेन्टर के संबंध मे भी संबंधित अधिकारियों को निर्देश भी दिये है। उन्होने कहा कि आवंटित की गई ईवीएम, वीवीपेट मशीनों को कार्यक्रम प्रारंभ होने की तिथी से 2 दिवस पूर्व मशीने प्राप्त कर विधानसभा मुख्यालय पर तैयार किये गये स्ट्रॉंग रूम में सुरक्षित अभिरक्षा में रखे जाने हेतु निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी उत्तरदायी रहेंगे। उपजिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि जागरूकता कार्यक्रम के लिये आवंटित मशीनों को संबंधित ईआरओज को उपलब्ध कराने का कार्य वेयरहाउस प्रभारी व अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी राजेन्द्र प्रसाद गोयल द्वारा किया जाना सुनिश्चित करेंगे उन्होने कहा कि जागरूकता कार्यक्रम के तहत प्रत्येक विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र मे भ्रमण करने वाली 2-2 मोबाईल डेमोन्स्ट्रेशन वैन व स्थैतिक डेमोन्स्ट्रेशन केन्द्रों पर 1-1 पुलिसकर्मी नियुक्त किये जायेंगे उन्होने कहा कि विधानसभा क्षेत्र टोडाभीम मे ईडीसी का स्थान तहसील कार्यालय टोडाभीम, उपखंड अधिकारी कार्यालय नादौती रहेगा। विधानसभा क्षेत्र हिण्डौन मे ईडीसी का स्थान तहसील कार्यालय हिण्डौन, कार्यालय नगर परिषद हिण्डौन रहेगा। विधानसभा क्षेत्र करौली के लिये कलेक्ट्रेट कैम्पस के मुख्य द्वार पर, पंचायत समिति मासलपुर व करौली, जिला अस्पताल करौली शहर, बस स्टेण्ड करौली रहेगा। विधानसभा क्षेत्र सपोटरा मे ईडीसी का स्थान तहसील कार्यालय सपोटरा व मंडरायल, उपतहसील कुडगांव व करणपुर, पंचायत समिति सपोटरा रहेगा।

## शिविर में दिख रहा है उत्साह

**करौली** । अग्रवाल महिला मंडल करौली के तत्वाधान में अभिरुचि ग्रीष्मकालीन शिविर का प्रशिक्षण दिया जा रहा है जिसके अंतर्गत विभिन्न विधाएं सिखाई जा रही हैं।

अध्यक्ष हेमलता सर्राफ ने बताया कि सिलाई के लिए कुसुमलता सिंहल, ब्यूटीशियन के लिए नीतू गोयल,आत्म सुरक्षा गुर सिखाने के राजरानी और पार्वती, मेहंदी के लिए नीरज सिंहल,ज्वैलरी व होम डेकोर के लिए निशा सिंहल एवं नृत्य के लिए हिना सिंहल को आमंत्रित किया गया है महामंत्री मंजू सिंहल ने बताया कि शिविर में महिलाओं में और बच्चों में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है इसके माध्यम से सैकड़ों महिला और बालिका लाभान्वित हो रही है उन्होने बताया कि सभी प्रशिक्षक बहनें बहुत मेहनत और लगन के साथ विधाओं का ज्ञान दे रही हैं अग्रवाल समाज की सभी महिलाएं और बालिका बहुत ही बढ़ चढ़कर शिविर मे भाग ले रही है । इस अवसर पर प्रदेश सलाहकार गायत्री सर्राफ, इंदिरा गुप्ता, हिना सिंहल, कोमल के अलावा अन्य महिलाए व बालिकाए उपस्थित रही ।

# फाइनल मैच में चांदनहोली टीम विजेता

**बामनवास** । बालाजी प्रीमियर लीग रमजानीपुरा द्वारा आयोजित 3 जून से चल रही क्रिकेट प्रतियोगिता के समापन के मौके पर खेले गए फाइनल मैच में चांदन होली क्रिकेट टीम विजेता बनी । चांदनहोली की क्रिकेट टीम 15 ओवर के मैच में पहले खेलते हुए 127 रन बनाए व सिरसाली की टीम 105 रन ही बना सकी ।

इस प्रकार चांदनहोली की क्रिकेट टीम ने विजय मीणा के नेतृत्व में 22 रन से जीत हासिल की मैच के मैन ऑफ द मैच मनकेश रहे.. मैन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार छोटू राम को मिला..चांदनहोली क्रिकेट टीम के कोच अशोक जारेड़ा चांदनहोली ने सभी खिलाड़ियों को खेल की भावना से खेलने के लिए प्रेरित किया ।

कहा कि खेल भावना एक खिलाड़ी के अंदर होना चाहिए खेल भावना की वजह से ही एक खिलाड़ी अपने जीवन में आगे बढ़ सकता है एक खिलाड़ी वो होता है जो खेल के सभी नियमों और निर्देशों को माने और उसके अंदर खेल के प्रति अच्छी भावना हो वह किसी भी खेल को जब खेलता हो तो पूरी ईमानदारी से एवं अनुशासन के साथ खेलें.. सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि हार या पराजय को सौजन्यतापूर्वक स्वीकार कर लेना खेल भावना की सबसे बड़ी निशानी है। विजेता को बधाई देना और उसकी जीत को स्वीकार कर लेना भी जीत हासिल करने के समान महत्वपूर्ण है ।

जैसे यह बातें खेल के क्षेत्र में लागू होती हैं वैसे ही हमारे आम जीवन में भी लागू होनी चाहिए । जीवन में उतार चढ़ाव आते रहते हैं और हार जीत होती रहती है हमें जीवन को चुनौतियों का भी खेल भावना के साथ करना चाहिए। इस दौरान आम जन विकास समिति के उपाध्यक्ष अशोक जारेड़ा चांदनहोली राहुल विष्णु विजय राजा मुकेश सुरेंदर राजेश पिंटू प्रह्लाद केदार डीलर चंद्रप्रकाश,सुखदेव दिपक मनकेश मनजीत बुद्धि छोटुराम पिन्टु दिनेश रतन गुरूजी पायलेट कल्पेश गौरव आदि उपस्थित रहे।

## रामरसिया दंगल में उमड़ा जनसैलाब

**करौली**। करौली के समीप 12 गांव रामपुर धावई में देव नरायण संघर्ष समिति की ओर से आयोजित चार दिवसीय पंचम प्रतिभा सम्मान समारोह और हरिकीर्तन दंगल का आयोजन किया गया ।

जिसमे गुर्जर समाज के होनहार विद्यार्थियो का समान किया गया इसी मौके पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा नेता सतवीर चंदीला ने देवनारायण मंदिर निर्माण में 5 लाख 51 हजार रूपए की राशि भेंट की साथ ही कार्यक्रम में सभी प्रतिभावान बच्चो को नगद 500-500 पुरस्कार दिया और हरि कीर्तन प्रस्तुति देने आये 3 दलो के कलाकारों को 1100-1100 रुपये भेंट कर सम्मान किया। भाजपा नेता सतवीर चंदीला के सम्मान में उपस्थित जनसमूह ने दोनों हाथ खड़े करके आशीर्वाद स्वरूप विश्वास भी दिला दिया की संपूर्ण समाज आपके साथ है ।

इस अवसर पर सतवीर चंदीला ने कहा की समाज मे बच्चो को शिक्षित करने की आवश्यकता हैं ।


**पश्चिम मध्य रेल**

**खुली निविदा सूचना**

**सं.ईएल/50/एनआईटी/4( 2023-24 )**

**दिनांक 06.06.2023**

भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से वरिमंडल विद्युत अभियंता (सामान्य), पश्चिम मध्य रेलवे, कोटा निम्नलिखित कार्यो: के लिए ई-निविदा आमंत्रित करते है। **निविदा संख्या**-1-ईएल/50/141 आर / 2023-24, **कार्य का नाम**-1.हिंडौन सिटी (HAN) हिंडौन सिटी (दिव्यांगजन के लिए एमईए एण्ड फेसिलिटीज वर्क्स)-1 का पुनर्विकास। 2.हिंडौन सिटी (HAN) हिंडौन सिटी (एचएल पीएफ एण्ड एफओबी वर्क्स)-II का पुनर्विकास। 3.श्री महावीरजी (SMVJ)-श्रीमहावीरजी (दिव्यांगजन के लिए एमईए एण्ड फेसिलिटीज वर्क्स)—I का पुनर्विकास। 4.श्री महावीरजी (SMVJ) श्री महावीरजी (एचएल पीएफ एण्ड एफओबी (वर्क्स)-II का पुनर्विकास। 5.गंगापुर सिटी (GGC) -गंगापुर सिटी (दिव्यांगजन के लिए एमईए एण्ड फेसिलिटीज वर्क्स)-I का पुनर्विकास। 6.गंगापुर सिटी (GGC) गंगापुर सिटी (एचएल पीएफ एण्ड एफओबी वर्क्स)-II का पुनर्विकास। विद्युत कार्य के संबंध में। **अनुमनित लागत (रु. में)**-53,42,621.55, **बयाना राशि (रु. में)**-1,06,900/-, **निविदा संख्या**-2-ईएल/50/142 आर / 2023-24, **कार्य का नाम**-कोटा मंडल- अमृत भारत स्टेशन योजना सहित 17 स्टेशनों पर एक समान साइनेज का प्रावधान। **अनुमनित लागत (रु. में)**-3,99,94,506.72, **बयाना राशि (रु. में)**-3,50,000/-, **सभी निविदाओं (क्र.सं. 1-2) के कार्य समाप्ति अवधि**-09 माह, **सभी निविदाओं (क्र.सं. 1-2) के प्रस्तुत करने एवं खुलने की दिनांक तथा समय**-14.06.2023 को 15.00 बजे तक एवं खुलने का समय 15.15 बजे। ऑफर केवल ई-टेण्डरिंग के माध्यम से वेब साईट http://www.ireps.gov.in पर स्वीकार किए जायेंगे। निविदा दांता के पास क्लास III डिजिटल सिग्नेचर सार्टिफिकेट होना चाहिए एवं आई.आर.ई.पी.एस. पोर्टल पर रजिस्टर्ड होना चाहिए। कोई भी निविदा मैनुएली स्वीकार नहीं है। निविदा डालने से पहले टेण्डर दस्तावेजों की स्पेशल कंण्डीशन्स एवं शर्ते अवश्य पढ़ लें।

**वरि. मंडल विद्युत अभियंता (सामान्य)**
**पश्चिम मध्य रेलवे, कोटा**

वैक्सीन लगवाएं, जीवन के सफर को सुरक्षित बनायें।


# 'प्राथमिकता से समस्याओं का समाधान होगा'

■ विकास कार्यो को लेकर नही रही बजट की कमी, नवीन सडक का किया शुभारम्भ

**नदबई** (निस)। देवनारायण बोर्ड अध्यक्ष जोगिन्दर अवाना ने गांव मांझी में करीब 23 लाख रुपए की लागत से निर्माण नवीन सडक का शुभारम्भ किया। इससे पहले समारोह में पंचायतीराज जनप्रतिनिधी व ग्रामीणों ने माला-साफा व चांदी मुकट पहनाकर देवनारायण बोर्ड अध्यक्ष का अभिनंदन किया। बाद में देवनारायण बोर्ड अध्यक्ष ने विधिवत पूजा अर्चना के बीच शिलन्यास पट्टिका का अनावरण करते हुए नवीन सड़क का शुभारम्भ किया। समारोह दौरान देवनारायण बोर्ड अध्यक्ष ने विकास कार्यो को लेकर बजट की कमी नही रहने व सर्वसमाज के सहयोग से विकास कार्यो को प्राथमिकता देने का संकल्प लिया। साथ ही विधानसभा क्षेत्र में करीब 850 करोड़ रुपए की लागत से अलग-अलग सडकों का निर्माण होने के बारे में बताते हुए करीब 20 करोड़ रुपए की लागत से नदबई-डहरामोड मार्ग का चौडाईकरण होने के बारे में बताया।

बाद में नदबई-हलैना, नदबई-जनूथर व नदबई-खेडली के बीच गुणवत्तापूर्ण सड़क का निर्माण होने की जानकारी देते हुए ग्रामीणों की समस्याओं का प्राथमिकता से समाधान करने का आश्वासन दिया। इस दौरान ग्रामीणों ने अलग-अलग समस्याओं को लेकर देवनारायण बोर्ड अध्यक्ष से चर्चा की। जिस पर देवनारायण बोर्ड अध्यक्ष ने मौके पर मौजूद विभागीय अधिकारियों को प्राथमिकता से ग्रामीणों की समस्या समाधान करने को कहा। साथ ही प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के सफल क्रियान्वन को लेकर ग्रामीणों को जागरुक करने व महंगाई राहत शिविर में ग्रामीणों का पंजीयन कर योजनाओं से लाभान्वित करने के दिशा-निर्देश दिए।

समारोह में ब्लॉंक कांग्रेस अध्यक्ष हरस्वरूप शर्मा, राजेन्द्र सिंह सरपंच, पूर्व सरपंच गुलरिया जाटव, विकास अधिकारी सौदान सिंह, कनिष्ठ अभियंता अनिल नागर, जगदीश वैद्य, उत्तम सिंह बघेला, वीरेन्द्र सिंह आदि मौजूद रहे।

## भाजपा कार्यकर्ताओं की टिफिन बैठक

**गंगापुर सिटी** । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण के 9 वर्ष पूर्ण होने पर गंगापुर सिटी विधानसभा क्षेत्र के दौलतपुरा गांव के पास लक्ष्मीनारायण मंदिर के प्रांगण में भाजपा के ग्रामीण मंडल की बैठक आयोजित की गई। जिसमे मंडल पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। सर्वप्रथम सभी लोगो ने लक्ष्मीनारायण भगवान के दर्शन किए। उसके पश्चात एक साथ बैठकर मिलकर बांटकर भोजन मंत्र बोलकर खाना खाया। टिफिन बैठक में चर्चा करते हुए पूर्व विधायक ने कहा कि आज भारतीय जनता पार्टी विश्व की सबसे बडी पार्टी है जिसके पास करोडों कार्यकर्ता है जो नि:स्वार्थ भाव से पार्टी के लिए राष्ट्र सेवा के लिए निरंतर हर स्तर पर तैयार रहते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 9 साल के कार्यकाल की चर्चा करने के लिए कई दिन का समय चाहिए प्रधानमंत्री मोदी ने जबसे देश की कमान संभाली है तबसे भारत ने वैश्विक स्तर पर अपनी छाप छोडी है पूरा विश्व प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को अपना आदर्श मान रहा है और उनके कदमों पर चलना चाह रहा है बडे से बडे देशों के मसलों को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सुलझा रहें हैं। उन्होंने कहा कि आज विपक्षी पार्टियां देशहित के कार्यो का निरंतर विरोध कर रही है ।

# परीक्षाओं में धांधली का विरोध, भा.ज.यु.मो. करेगा प्रदर्शन

**भरतपुर** (निस)। भारतीय जनता युवा मोर्चा भरतपुर जिला कार्यकारिणी की बैठक ग्रीन गार्डन मैरिजहोम में जिला अध्यक्ष सौरभ ताखा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। जिसमें मुख्य अतिथि भाजयुमो पूर्व प्रदेश मंत्री अरविंद पाल सिंह, सतेंद्र पथेना व जिला परिषद सदस्य भानु जघीना रहे। अतिथियों ने सर्वप्रथम मां भारती व पार्टी के संस्थापक सदस्य रहे पंडित दीनदयाल उपाध्याय श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित व माल्यार्पण कर विधिवत शुरुआत की। जिलाध्यक्ष सौरभ ताखा ने बताया की युवा मोर्चा कल परीक्षाओं में हो रही धांधली व अनियमिताओ को लेकर जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन करेगा व मुख्यमंत्री का पुतला फूंकेगा। एवम केंद्र सरकार के सफलतम 9 वर्ष पूर्ण होने पर युवा मोर्चा जिले स्तर पर नव मतदाता सम्मेलन का आयोजन करेगा उसके बाद विधानसभा स्तर पर फिर मंडल स्तर पर यह सम्मेलन किए जाएंगे विश्व की सर्वाधिक कार्यकर्ता वाली पार्टी भारतीय जनता पार्टी की रीढ़ की हड्डी कहे जाने वाले कार्यकर्ता व नव मतदाता जिसको लेकर पिछले दिनों मोर्चा मोर्चा ने युवा मोर्चा ने बड़ी संख्या में नव मतदाताओं को जोड़ने का काम किया था अब युवा मोर्चा नव मतदाताओं का सम्मेलन करवाने जा रहा है। उसके बाद आज देश में लगभग हर वर्ग नरेन्द्र मोदी की योजनाओं से लाभान्वित है। जिसे लेकर लाभार्थी सम्मेलन युवा मोर्चा द्वारा करवाया जाएगा और और नरेन्द्र मोदी के सफलतम सुशासन के 9 वर्ष पूर्ण होने पर जो विकास की गंगा संपूर्ण भारतवर्ष में वही है उसे लेकर विकास तीर्थ बाइक यात्रा का भी आयोजन युवा मोर्चा द्वारा किया जाएगा। यह बाइक रैली जिले स्तर से होते हुए विधानसभा व मंडल स्तर पर आयोजित होगी। अरविंद पाल ने बताया कि भरतपुर जिले में युवा मोर्चा बहुत ही सराहनीय कार्य कर रहा है। युवा मोर्चा पार्टी के हर कार्यक्रम में अग्रणी रहा है। चाहे वह धरना प्रदर्शन हो या रचनात्मक कार्य हो उन्होंने बताया कि इस बार भी युवा मोर्चा बड़ी संख्या में नव मतदाता सम्मेलन करवा रहा है। जिससे निश्चित ही पार्टी हित में लाभ मिलेगा व पार्टी का विस्तार होगा। सत्येंद्र पथेना ने पार्टी हित में काम करते हुए अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं को जोड़ते हुए पार्टी मजबूत करने पर बल दिया। संचालन महामंत्री जिला महामंत्री मोहित चतुर्वेदी ने किया इस दौरान जिला परिषद सदस्य भानु जघीना, बिट्टू राजावत, सचिन मीणा, अभिराज अनाह, मानवेंद्र फौजदार, शुभम बैर, विराट पथेना, विश्वेंद्र कंसाना, जीतू जघीना, प्रेम सिंह गुंसारा, हरदीप, धीरेंद्र बरकोली, दीपक शर्मा, आदि उपस्थित रहे।

**ग्राम पंचायत टीमों का दबदबा : भरतपुर** (निस)। खेलो इण्डिया महोत्सव-2023 के तहत भरतपुर षहर में सांसद रंजीता कोली एवं खेलों इण्डिया कार्यक्रम के भरतपुर संसदीय क्षेत्र के संसदीय संयोजक यश अग्रवाल के सानिध्यं में चली रही।

विधानसभा भरतपुर स्तरीय खेलो इण्डिया टी-10 क्रिकेट प्रतियोगिता के तीसरे दिन विधानसभा भरतपुर क्षेत्र की ग्राम पंचायत टीमों का दबदबा रहा,जबकि दूसरा एवं तीसरा दिन नगर निगम के बार्ड टीमों का दबदबा कायम था।

टी-10 क्रिकेट प्रतियोगिता भरतपुर शहर के महाराजा सूरजमल लोहागढ स्टेडियम,आगरा रोड स्थित मॉडन विद्यालय के खेल मैदान एवं मथुरा बाईपास रोड एसआर क्रिकेट एकेडमी पर आयोजित हो रही है।

## उपाध्याय बने डीग के एस.पी.

**भरतपुर** (निस।) राजसरकार के द्वारा अभी हाल ही में घोषत किए गए नए जिलों में भरतपुर जिले के डीग को नया जिला बनाए जाने के बाद अब प्रषासनिक अधिकारियों की नियुक्ति करना शुरू हो गया है। आज सरकार ने आदेष जारी कर भरतपुर में कार्यरत एएसपी बृजेष ज्योति उपाध्याय आईपीएस को डीग जिले का विशेषाधीकारी बनाया है। बृजेष ज्योति उपाध्याय आईपीएस का प्रषिक्षण काल भरतपुर में ही हुआ है औश्र इसके बाद इन्हें एएसपी मुख्यालय लगा या गया था। जिसको लेकर डीग जिले के लोगों में खुषी का माहौल है।


**कार्यालय ग्राम पंचायत अजीतपुर, पंचायत समिति बाडी ( धौलपुर )**

क्रमांक/ग्रा.पं.अ./ई.नि./2023/16 दिनांक:07.06.2023

**ई-निविदा सूचना 1/2023-2024**

ग्राम पंचायत महानरेगा तथा ग्रामीण विकास एवम् पंचायतीराज की विभिन्न योजनाओं के तहत सम्पूर्ण बर्षवार स्वीकृत निर्माण कार्यों में निर्माण सामग्री आपूर्ति अनुमानित लागत 100.00 लाख के लिये सक्षम श्रेणी के पंजीकृत अनुभवी फर्मों से ऑनलाइन ई-निविदा दिनॉक 16.06.2023 को समय 11:00 एएम तक आमंत्रित की जाती है, जिसका UBN No. ZDH2324GLOB00326 है। विस्तृत विवरण https://sppp.rajasthan.gov.in व http://eproc.rajasthan. gov.in पर देखा व डाउनलोड किया जा सकता है।

| | |
|---|---|
| **सरपंच** | **ग्राम विकास अधिकारी** |
| **ग्राम पंचायत अजीतपुर** | **ग्राम पंचायत अजीतपुर** |
| **पं.स. बाडी ( धौलपुर ) राज.** | **पं.स. बाडी ( धौलपुर ) राज.** |